हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 10 मार्च 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

14 महिलाएं हैं शक्ति और समृद्धि का प्रतीक



14 मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



## खबर संक्षेप

### तीन लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** खेत को ट्रेक्टर से लेबल करा रहे एक किसान के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसैयापल्लम का है। पुलिस ने बताया कि 8 मार्च को भोजराम पटेल खेत को जेसीबी एवं ट्रैक्टर से बराबर लेबल करवा रहा था। दोपहर करीबन 12 बजे शिवनाथ पटेल और उसके बेटे देवेंद्र पटेल एवं रूपेंद्र पटेल ने वहां आकर जमीन को बराबर लेबल क्यों करवा रहे हो कहते हुए गाली गलौज करने लगे और उसके साथी हरीराम निषाद के हाथ को देवेंद्र पटेल ने डंडे से मार दिया। इसके बाद आरोपी शिवनाथ पटेल और देवेंद्र पटेल एवं रूपेंद्र पटेल प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बिंद्रावन के एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने की घटना हुई है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि बिंद्रावन का उमाशंकर पाडे 8 मार्च की शाम करीब 5.30 बजे अपने साथी जीवन पाडे और टुमन पाडे के साथ मोटरसायकल से सामान खरीदने ग्राम नर्रा गया था। जहां पानी टंकी के पास ग्राम नर्रा में ग्राम बिंद्रावन के आनंद टंडन ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी थी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### भतीजे ने की चाचा से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जाड़ामुड़ा में भतीजे द्वारा चाचा के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस को प्रार्थी कपूरचंद प्रधान निवासी जाड़ामुड़ा ने बताया कि मेरे दो बडे भाई है संकीर्तन प्रधान व कीर्तन प्रधान । 7 मार्च को रात 10 बजे झगड़ा विवाद होने का आवाज आने पर उठा। बाहर निकल कर देखा तो मेरे बड़े भाई कीर्तन प्रधान के घर से आवाज आ रही थी। जहां बडे भाई संकीर्तन प्रधान का लडका हेमराज प्रधान शराब के नशे में कीर्तन प्रधान के घर आया हुआ था व कीर्तन प्रधान के घर वालों एवं अपने पिता संकिर्तन प्रधान के साथ गाली गलौच कर झगडा विवाद कर रहा था। उसे जब प्रार्थी द्वारा मना किया गया तो आरोपी गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे मोबाईल फोन से फेंक कर मारा जिससे मेरे सिर पर चोट आई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# निजी अस्पताल में सिटी स्कैन कराने की निर्भरता होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला के मेडिकल कॉलेज में अब भी मरीजों को सीटी स्केन के लिए निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। लेकिन, हाल ही में पेश बजट में मेडिकल कॉलेज में 14 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिससे 128 स्लाइड सीटी स्कैन मशीन लगाने की योजना है। बाद मरीजों को निजी अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।2020 कोरोना काल से ही जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन की मांग की जा रही थी। लेकिन, अब तक सुविधा नहीं मिल पाई है। पूर्व में बताया गया था कि सीजीएसएससी द्वारा मशीन की खरीदी की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। जिला अस्पताल में मशीन लगाने के लिए जगह का चयन भी कर लिया गया था। सिटी स्कैन मशीन नहीं होने से मरीजों व उनके परिजनों को जांच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है और पैसे भी अतिरिक्त खर्च करने पड़ते हैं। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा सिर पर लगने वाले चोटों की जांच के लिए सिटी स्कैन मशीन नहीं होने जांच आगे नहीं बढ़ पाती है। जिला अस्पताल के अधीक्षक बसंत माहेश्वरी ने बताया कि जिला अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए भी प्रक्रिया चल रही है। अस्पताल में बेड बढ़ाए जाएंगे। 14 करोड़ रुपए की मशीन अस्पताल में लगाई जाएगी।

## जिला अस्पताल में लगेगी सिटी स्कैन मशीने, बजट में हुआ प्रावधान, अब इंतजार

### मिलने वाली सुविधा का है इंतजार

2025-26 के बजट में प्रावधान किया गया है, लेकिन मरीजों को मशीन की सुविधा कब तक मिल पाएगी, इसका इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। जिला अस्पताल में बिस्तर बढ़ाने और अस्पताल को अपग्रेड करने की भी योजना है। जिस पर कार्य चल रहा है। राशि की स्वीकृति मिलने पर इस पर भी कार्य किया जाएगा।



### अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। मेडिकल कॉलेज बनने के पूर्व 350 मरीज प्रतिदिन आते थे, लेकिन यह संख्या अब दोगुनी हो गई है। अस्पताल में स्टॉफ की भी कमी है। जिससे कर्मचारियों पर भी दबाव बढ़ जाता है। सोनोग्राफी मशीन से जांच कराने के लिए भी 15 से 20 दिन की वेटिंग मिल रही है।

### क्रिटिकल केयर यूनिट हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण कार्य जारी

क्रिटिकल केयर यूनिट हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण कार्य जारी है। 16 करोड़ की लागत से भवन बन रहा है और सात करोड़ की लागत के आधुनिक मशीनें सीसीएचबी के नए भवन में लगाई जाएंगी। वर्तमान में नींव बनाने का कार्य जारी है। लगभग एक साल के भीतर में भवन को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रदर्शन : कृषकों की जमीन पर कब्जा का विरोध

# प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन स्थल पर बजाया नगाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

करणी कृपा उद्योग के खिलाफ आंदोलनरत प्रदर्शनकारियों ने 9 मार्च को धरना स्थल पर नंगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि करणी कृपा उद्योग के खिलाफ मोर्चा द्वारा औद्योगिक प्रदूषण, शासकीय भूमि, सिंचाई विभाग की भूमि, काबिल काश्त भूमि, आदिवासी भूमि नेशनल हाईवे की भूमि, किसानों की भूमि, छसपा किसान मोर्चा की भूमि को बलात कब्जा से बचाने के लिए आंदोलनरत किसान, किसान मोर्चा, ग्रामीण, नव निर्वाचित पंच, सरपंच द्वारा प्रदर्शन किया गया।



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार 9 मार्च को सत्याग्रह स्थल पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और प्लांट प्रबंधन व मालिकान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नंगाडा बजाया गया। इस दौरान प्रदेश किसान नेता छन्नु साहू, प्रसिद्ध रामयणी कलाकार नंदकुमार साहू, अशोक कश्यप, बृजबिहारी साहू, डेविड चंद्राकर, हेमसागर पटेल, नाथूराम सिन्हा, लीलाधर पटेल, तोषण सिन्हा, धर्मेंद्र यादव, कुंजलाल चेलक, टिकेलाल जलक्षत्री, संतोष यादव, छबिलाल पटेल, जयसिंग ध्रुव, शिव कुमार टंडन, पंचराम भास्कर, गेंदराम जंगाड़े, शत्रुघन बैरागी, करण साहू, भोला साहू, पुनीत साहू, शत्रुघन बैरागी, लालाराम यादव, बोधन यादव, बेनिराम पटेल, इंद्रमान साहू, राजेश साहू, प्रह्लाद ध्रुव, बिसरू ध्रुव, पुनीत साहू, टुकेश्वरी ध्रुव रमशिला पटेल धनेश्वरी यादव, पुस्वैया धीवर, मोहन जलक्षत्रि, ठगनबाई सिन्हा, पुनई पटेल, श्यामबाई ध्रुव, इंदल पटेल, जमुना यदु आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। उक्ताशय की जानकारी अशोक कश्यप ने दी।

# ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार 2 लोगों की मौत एवं 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सराईपाली एनएच-53 में मंगई माता हाईवे में रविवार जबरदस्त एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत और 4 लोग घायल हो गए। पटेवा पुलिस के अनुसार, खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार वैगन आर कार जाकर टकरा गई। कार में सवार 6 लोगों में से 2 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं 4 गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। 2 लोगों को रायपुर राजधानी रेफर किया गया है, वहीं 2 घायलों का तुमगांव अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कार सवार ग्राम पीढ़ी से सरायपाली की ओर जा रहे थे। पटेवा पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।



### कार को क्रेन से हटाया गया

जानकारी के अनुसार हाइवे में खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार वेगन आर कार जा टकराई, जिससे वेगन आर के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला, हालांकि घटना में 2 लोगों की मौत हो चुकी थी, वहीं 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके कार को हटाने के लिए क्रेन मशीन मंगाई गई। घटना में मृतकों और घायलों के नाम सामने नहीं आए हैं।

# नपाध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट व पानी टंकियों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आगामी ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति सुव्यस्थित करने तथा जल संकट से निपटने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने रविवार को बेलसोंडा फिल्टर प्लांट व पीटियाझर तथा नयापारा के पानी टंकियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान साहू ने पानी टंकियों में उपस्थित कर्मचारियों को समय पर कार्य स्थल पहुंचने, पानी टंकी के आसपास असामाजिक तत्वों को नहीं आने देने, पानी टंकी की नियमित भराई करने, समस्या आने पर तत्काल पालिका में सूचित करने आदि के सख्त निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर मशीनों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने फिल्टर प्लांट में आवश्यक उपकरणों की नियमित मरम्मत तथा देखभाल करने कहा। साथ ही प्लांट में उपस्थित प्रभारी से कहा कि प्लांट में किसी तरह की गंदगी न होने पाए, इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी तैयारियां अभी से पूरी करने कहा। ताकि, नगरवासियों को किसी प्रकार से जल संकट का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत मैदानों को संवारेगा खेल विभाग, सामग्रियां देने की भी तैयारी

## हर विकासखंड में 30 मैदान के लिए मुहैया कराएंगे खेल सामग्री, खेल मैदानों का होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सरकारी खेल मैदानों में खिलाड़ियों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए खेल सामग्रियां प्रदान किए जाने की तैयारी है। जिले के 5 ब्लाकों में प्रत्येक के 30 सरकारी खेल मैदानों का चयन कर कुल 3 करोड़ की राशि से इन्हें संवारने और सुविधाओं में विस्तार के साथ खेल उपकरण मुहैय्या कराए जाने की तैयारी है ताकि खिलाड़ी अपना हुनर दिखा सकें। मिली जानकारी के अनुसार जिले को कुल 3 करोड़ रुपए की खेल सामग्री मिलेगी। लोकप्रिय खेल व भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल के लिए दो लाख रुपए की खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही हर विकासखंड के खेल मैदानों के उन्नयन के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के जरिए खेल मैदानों की भी तस्वीर बदलेगी। जिले में कुल 184 शासकीय मैदान हैं। जिनको योजना के तहत चरणबद्ध तरीके से लाभ मिलेगा। इसके अलावा पंजीकृत खेल समिति और क्लब को भी आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई गई है। पंजीकृत खेल समिति को प्रति वित्तीय वर्ष में खेल सामग्री व खेल उपकरण के लिए 25 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया जा रहा है। लंबे समय से कई मैदानों में खेल उपकरण व सामग्री नहीं है, जिससे खिलाड़ी अपने ही संसाधनों से खेलते आ रहे हैं। वर्तमान में ज्यादातर खेल मैदान आयोजन व कार्यक्रम की भेंट चढ़ चुके हैं। खेल मैदानों में शासकीय व राजनीतिक कार्यक्रम होते हैं। जिससे खेलने के लिए खिलाड़ियों को मैदान भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस पर ध्यान देना जरूरी है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे ने बताया कि खेल उपकरण के लिए प्रस्ताव के आधार पर 2 लाख रुपए प्रति मैदान के लिए राशि की स्वीकृति होगी। शासकीय खेल मैदान या ऐसे खेल मैदान, जो शासकीय भूमि पर बने हैं और शासकीय निधि से बने हैं, उन्हीं मैदानों को राशि प्रदान करने की योजना है।

### हर विकासखंड में 30 मैदान के लिए मुहैया कराएंगे खेल सामग्री

खेल मैदानों का उन्नयन किया जाएगा। इसमें मैदान में एक छोटा स्टेज बनाया जाएगा। चेजिंग रूम होगा और शौचालय की व्यवस्था भी की जाएगी। पेयजल की सुविधा और मैदान का समतलीकरण किया जाएगा। प्रस्ताव में चिन्हित शासकीय खेल मैदान की भूमि का खसरा, नक्शा और बी-1 होना जरूरी होगा। सभी विकासखंड में खेल मैदान के उन्नयन के लिए पांच लाख रुपए की स्वीकृति का प्रावधान है। खिलाड़ियों को भी विशेष सुविधाएं व पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

### मिलेगा अवसर

ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में खिलाड़ी अपने संसाधनों से ही खेलते हैं। कई मैदान स्कूल के हैं, ऐसे में स्कूलों को भी खेल सामग्री का लाभ मिलेगा। इसके लिए शासकीय स्कूलों को आवेदन करने होंगे। पात्र होने पर योजना का लाभ स्कूल मैदानों को भी मिलेगा।

# न्यायालय परिसर में खुला डाकघर स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अधिवक्ताओं एवं न्यायालय से संबध्द लोगों को स्पीट पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में डाकघर की सुविधा की शुरुआत हुई। इससे लोगों को को डाक भेजने में सुविधा होगी। लंबे समय से अधिवक्ता संघ द्वारा यहां डाकघर खोलने की मांग की जा रही थी। वर्तमान डाकघर अभी औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया है। आगामी महीनों में इसे व्यवस्थित रूप से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें और भी सुविधाएं मिलेंगी। डाकघर में न्यायालय परिसर में हो जाने से आस-पास के लोगों को भी मुख्य डाकघर नहीं आना पड़ेगा। वर्तमान में डाकघर में कम स्टाफ के साथ शुरू कर दिया गया है। मुख्य डाकघर के प्रभारी बीआर मरकाम ने बताया कि न्यायालय स्थित डाकघर में आगामी महीनों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। जिससे स्टाफ भी पर्याप्त होंगे और डाकघर में जो भी सुविधाएं प्रदान की जाती है, उन सभी सेवाओं का लाभ न्यायालय परिसर में भी मिलेगा। न्यायालय परिसर में डाकघर खुल जाने से मौहारीभांठा के लोगों व अधिवक्ताओं को स्पीड पोस्ट और रजिस्ट्री की सुविधा मिलेगी। न्यायालय परिसर में डाकघर खुलने से शहर में अब दो डाकघर हो गए है। मुख्य डाकघर पर लोगों की निर्भरता कम होगी व कार्य का दबाव भी कम होगा।

## 11 लाख 50 हजार सदस्यों का ई-केवायसी का लक्ष्य, 1 लाख 53 हजार ने नही कराया प्रोसेस

# 14 प्रतिशत राशन कार्डधारियों की नहीं हो पाई ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आधा दर्जन से अधिक बार राशन कार्ड की केवायसी कराए जाने की तिथी बढ़ाई जा चुकी है। लेकिन, जिले में राशनकार्ड में दर्ज लगभग 14 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने की प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं हो पाई है। बता दे कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार 11 लाख 50 हजार लोगों के ई-केवायसी के लक्ष्य में अब भी 1 लाख 53 हजार लोगों की ई-केवायसी नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि जून 2023 से ई-केवायसी की प्रक्रिया चल रही है, जो डेढ़ साल बाद भी जारी है। हितग्राही ई-केवायसी कराने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। हालांकि, खाद्य विभाग का कहना है कि गांवों में जगह-जगह शिविर लगाकर ई-केवायसी कराई जा रही है। अक्टूबर तक विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर ई-केवायसी के लिए शिविर भी लगाया गया। लेकिन, नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव के कारण ई-केवायसी का कार्य प्रभावित हुआ। हालांकि, अभी भी बड़ी संख्या में लोग ई-केवायसी के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। घर में किसी भी एक सदस्य का ई-केवायसी होना जरूरी है। खाद्य विभाग ने भी उचित मूल्य की दुकानों में ई-केवायसी की प्रक्रिया



पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य विभाग के द्वारा कई बार तिथि बढ़ाई जा चुकी है। इसके बाद भी ई-केवायसी कराने में लोग दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कई बुजुर्ग का अंगूठा वेरिफाई नहीं होने के चलते ई-केवायसी नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर अब तक 96 प्रतिशत राशनकार्ड का नवीनीकरण हो गया है। 3 लाख 5 हजार लोगों का पीडीएफ भी प्रिंट कर दिया जा चुका है। अभी भी कई राशनकार्डधारी हैं, जिनके परिवार की ई-केवायसी नहीं हुई है। इस कारण नवीनीकरण नहीं करा पा रहे हैं। कई लोगों का पूर्व में राशनकार्ड में नाम दिखा रहा है। 12546 का नवीनीकरण होना शेष है।

**सरायपाली में सबसे ज्यादा ई-केवायसी :** महासमुंद व बागबाहरा विकासखंड में 86 प्रतिशत लोगों ने ई-केवायसी पूर्ण कर ली है। पिथौरा में 85 प्रतिशत सदस्यों की ई-केवायसी हुई है और सरायपाली में 90.84 प्रतिशत सदस्य और बसना में भी 83 प्रतिशत सदस्यों की ई-केवायसी हो चुकी है। ग्रामीण महासमुंद में में 200550 सदस्यों का आधार सत्यापित हुआ है। बागबाहरा में 179230, पिथौरा में 197689 सरायपाली में 158558, बसना में 154766 लोगों का आधार सत्यापित हो गया है। शहरी क्षेत्र में महासमुंद में 48014 लोगों की ई-केवायसी पूर्ण हो गई है। बागबाहरा में 17251, पिथौरा 6964 सरायपाली 18458, बसना में 8786, तुमगांव में 7207 सदस्यों का आधार सत्यापित हो गया है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## अंचल की खबरें

### पटेल समाज ने नपं अध्यक्ष व पार्षदों का किया सम्मान



**नगरी।** कोसरिया पटेल समाज नगरी सिहावा राज के अध्यक्ष वामदेव पटेल, विजय पटेल, मदन सिंह पटेल, अशोक पटेल ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड, क्रमांक 13 के पार्षद आसकरण पटेल, वार्ड 4 के पार्षद नरेश पटेल, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद देवचरण ध्रुव का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। पटेल समाज ने नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्ष से समाज के भवन के संधारण कार्य हेतु अध्यक्ष निधि से राशि देने की मांग की जिस पर अध्यक्ष ने स्वीकृति प्रदान की।

### चिंवरी में भोलाराम साहू बने उपसरपंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत चिंवरी में उपसरपंच का चयन किया गया। विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में संजीत कुमार साहू ने अपने प्रतिद्वंदी से 53 मतों से जीतकर सरपंच पद हासिल किया। उपसरपंच चुनाव के दौरान भोलाराम साहू अपने प्रतिद्वंदी को 7 वोट से हराकर विजयी हुए और उपसरपंच निर्वाचित हुए। सरपंच, पंचगण सहित ग्रामीणों ने उनका हार गुलाल से स्वागत कर मुंह मीठा कराया। निर्वाचन के समय सरपंच संजीत कुमार साहू, सचिव उपेंद्र साहू, पंचगण हीराबाई साहू, प्रमिला साहू, सुशीला साहू, मोती निषाद, ममता साहू, अशोक साहू, मेनका ध्रुव, गगनदीप साहू, सीमा साहू, चंद्रिका यादव, बिंदु साहू, संजय साहू, अनीता मानिकपुरी, देवबती साहू, रामदेव साहू, नंदिनी तारक, गोवर्धन साहू, देवेंद्र साहू, संतोष वर्मा, रोजगार सहायक पुनारद साहू, ऑपरेटर रवि साहू, भृत्य खेलन साहू मौजूद थे।

### एकल विद्यालय की महिला आचार्यों का हुआ सम्मान



**नगरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एकल विद्यालय महिला समिति की अध्यक्ष दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने एकल विद्यालय की महिला आचार्यों का तिलक वंदन व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सम्मान समारोह में नगरी संच और गंगरेल संच के लगभग 35 आचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने कहा कि महिला शिक्षकों की भूमिका समाज को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आपका योगदान सराहनीय है। कर्णेश्वर परिसर में आयोजित समारोह में एकल विद्यालय परिवार के पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने महिला आचार्यों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयास को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई।

### शुक्लाभाटा के उपसरपंच बने यागेश्वर



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा में यागेश्वर दीवान तीन वोट से विजय प्राप्त कर उपसरपंच बने। ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा के आश्रित ग्राम आमाचानी निवासी यागेश्वर दीवान वार्ड क्रमांक 12 से निर्विरोध पंच चुने गए थे। ग्राम पंचायत शुक्लाभाटा में 8 मार्च को पीठासीन भारतलाल व सचिव रमेश कुमार ध्रुव की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें ग्राम आमाचानी के वार्ड क्रमांक 12 के निर्विरोध पंच यागेश्वर दीवान और वार्ड क्रमांक 16 के निर्विरोध पंच चित्रसेन साहू ने उपसरपंच के लिए दावेदारी की। सरपंच सहित 16 पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें यागेश्वर दीवान को 10 वोट और चित्रसेन साहू को 7 वोट मिले। यागेश्वर तीन वोट से विजयी हुए। यागेश्वर के उपसरपंच बनने पर टोमेश्वर कंवर, राजू दीवान, अजय दीवान, घनाराम साहू, टम्मन ध्रुव, माधव साहू, राधेश्याम साहू, चम्मन साहू, दिनेश साहू, डायमंड साहू, प्रेमचंद साहू, मुकेश साहू, कुलेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, दिलीप, हेमंत कपूर, फिरतू दीवान, डूमेश्वर साहू सहित ग्राम शुक्लाभाठा व आमाचानी के सैकड़ों ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### दीपदान बने सिवनीकला के निर्विरोध उपसरपंच



**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिवनीकला में बीजेपी प्रत्याशी लता जितेश्वर ध्रुव को जनता ने 328 वोटों से लीड करते हुए सरपंच चुना। साथ ही भाजपा के ही पंच प्रत्याशियों ने भी अपने वार्ड में ऐतिहासिक जीत हासिल कर कांग्रेस का सूपड़ा साफ किया था। 8 मार्च को गांव के पंचायत भवन में उपसरपंच का चयन किया गया। पंचों ने दीपदान साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना। दीपदान के उपसरपंच बनने पर पंचगण चंद्रकिरण तारक, कुसुम पटेल, सुषमा साहू, किशन पटेल, ममता सेन, अंकुश चंद्राकर, निर्मला बाई, रेणुका कुर्रे, हेमशंकर बंजारे, पूनम साहू, धनराज निर्मलकर, सरस साहू, राधिका पटेल, गीता ध्रुव, लोमश साहू, कृष्णकुमार तारक, गायत्री, सुरेश साहू, गायत्री साहू व ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, टेकराम साहू जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू सिवनी सोसाइटी अध्यक्ष, सुशील साहू पूर्व सभापति जनपद कुरूद, डा. सुरेश, दिलीप साहू, कपिल पटेल, सुरेश साहू, निर्मल पाल, राजकुमार सेन, गुहलेद साहू, काशीराम, डग्गू साहू, मोहन साहू, लोमस साहू, शीतल, द्वारिका, अवध, रजऊ, पुरूषोत्तम, राजेंद्र, पेमन, किशोर, रामेश्वर, प्रताप साहू, केदार तारक ने हर्ष जताया है।

### आज प्रथम सम्मिलन में नवनिर्वाचित पार्षदों में से चुने जाएंगे उपाध्यक्ष

# साहू ही बनेंगे नपं कुरुद के उपाध्यक्ष, भाजपा की रणनीति पर भी रहेंगी सबकी निगाहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण होने के बाद आज प्रथम सम्मिलन होगा जिसमें उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। अध्यक्ष कुर्मी समाज से हैं तो उपाध्यक्ष को बहुसंख्यक आबादी वाले साहू समाज से बनाये जाने की चर्चा नगर में हो रही है। अब यह देखना है कि भाजपा-कांग्रेस किसे अपना उम्मीदवार तय करती है और वह कौन साहू है जिसके सिर पर उपाध्यक्ष का ताज सजता है।

सोमवार को नगर पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत सभी 15 वार्ड के पार्षदों का प्रथम सम्मिलन आयोजित करने अधिसूचना जारी की जा चुकी है। पीठासीन अधिकारी व एसडीएम नभसिंह कोसले होंगे। सुबह 10 बजे आहूत सम्मेलन में उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। 10 बजे से उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा, फिर उसकी समीक्षा, पश्चात अगर दो अभ्यर्थी होने पर मतदान, फिर मतगणना की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यह दोपहर ढाई बजे तक सम्पन्न किए जाएंगे। एक नाम होने पर निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया होगी। उपाध्यक्ष 9 पार्षदों के साथ जीतकर आए कांग्रेसी खेमे से ही बनने की ज्यादा संभावना है।




#### भाजपा भी उतारेगी अपना प्रत्याशी

वहीं भाजपा के 6 पार्षद ही चुनाव जीते हैं जिसके पास बहुमत का अभाव है। बावजूद उपाध्यक्ष बनाने साम, दाम दंड भेद नीति से यदि भाजपा भी उपाध्यक्ष बनाने में सफलता हासिल कर लेती है तो इसे नकारा नहीं जा सकता। यहां अध्यक्ष महिला होने के कारण इस पद के लिए पुरुष सदस्यों को ही वे अपना उम्मीदवार बना सकते हैं जिसमें महेंद्र गायकवाड़, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी में से कोई भी एक नाम हो सकता है।

#### उपाध्यक्ष के लिए इन नामों की हो रही चर्चा

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस से आए पर्यवेक्षक सुखचंद बेंतरा पिथौरा वन टू वन चर्चा कर पार्षदों से फीडबैक लेकर चले गए हैं। फिर भी खींचतान के चलते किसी एक पर सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में पार्टी जिसका नाम फाइनल करे उसे समर्थन देने की बात कहकर चले गए हैं। नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें सबसे ऊपर नाम मनीष साहू का है। उच्च शिक्षित मनीष साहू तीन बार पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। सभापति का दायित्व भी निभाएं हैं। काफी सरल, सीधे साधे, मनीष सबके साथ सामंजस्य बनाकर चलने वाले व्यक्ति हैं। दूसरा नाम विधानसभा युकां अध्यक्ष देवव्रत साहू का है जो तीन बार पार्षद बन चुके हैं। काफी जुझारू और ऊर्जावान है। तीसरा नाम सर्वाधिक वोटों से जीत दर्ज कर दो बार पार्षद निर्वाचित हुए युकां अध्यक्ष डुमेश साहू का है। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष मंजु प्रमोद साहू ने भी अपनी दावेदारी की है। सरल व सहज व्यक्तिव वाली मंजु के नाम पर मुहर लग सकती है।

## आज जपं कुरूद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्य लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





जनपद पंचायत कुरूद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन 10 मार्च सोमवार को जनपद सभाहाल में सुबह 11 बजे से रखा गया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोर्झा जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी हेमंत साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन समेत निर्वाचित जनपद सदस्यगण रेखा शेषनारायण साहू, डिकेश्वरी हेमंत देवांगन, बनिता प्रमोद सिन्हा, सिंधु अजय बैस, एवन साहू, रूमानसिंह कुर्रे, कुलेश्वरी दिनेश्वर साहू, कंचन नारदलाल साहू, महेश उदयराम ध्रुव, शकुंतला रूपचंद देवांगन, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, मनीषा त्रिलोचन साहू, उर्वशी जितेन्द्र बंदेकर, हिमांशु साहू, आनंद यदु, लिली श्रीवास, अनुराग साहू, चंद्रशेखर (चंचल) साहू, ललिता रमेश भतपहरी, त्रित्रलेखा परीक्षित ध्रुव, गंगा टकेश साहू और ठाकुरराम साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

## गांव का चहूंमुखी विकास ही पहली प्राथमिकता : मुकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत कुर्रा में मुकेश यादव उपसरपंच बनाए गए। उपसरपंच पद के लिये मुकेश यादव को 21 में से 11 मत मिले। जीत के बाद श्री यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है। सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना है। जनहित के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, रंजीत साहू सेक्टर अध्यक्ष, पितेश टंडन सरपंच, पूर्व उपसरपंच घासीराम साहू, भुवन गायकवाड़, चैतूराम देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, तुकाराम पटेल, ठाकुर राम, राधेश्याम यादव, डॉ. सीपी शर्मा, हेमिन गायकवाड़, मधु देवांगन, सुनीता पटेल, डेविड यादव, भारती पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर जरुरतमंदों को बांटा गया कपड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

करियर केयर वेलफेयर सोसायटी और बढ़ते कदम के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को निःशुल्क कपड़ा का वितरण किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सामाजिक संस्था बढ़ते कदम के सहयोग से कुरुद के अटल आवास में जरूरतमंद महिला, पुरुष सहित बच्चों को कपड़ा का वितरण किया गया। कुरुद में संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सेवा करते आ रही है। इसके अलावा वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान, महिलाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर, दिव्यांगों की सेवा व कोरोनाकाल में निःशुल्क मास्क वितरण व रोज खाने कमाने वाले परिवार को राशन का वितरण किया गया था। वर्तमान में विधवा, परित्यक्ता व तलाकशुदा महिलाओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए पंजीयन शुरू किया गया है।

## जनपद अध्यक्ष का गृहग्राम में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गृहग्राम बगरूमनाला में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने आभार रैली निकाली। स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम के अतिथि पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद सदस्य अजय ध्रुव, पूर्व एल्डरमेन अनिरूद्ध साहू, पूर्व प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू, तहसील अध्यक्ष साहू समाज सोनू साहू, पूर्व उपसरपंच छुही टिकेश्वरी साहू, पूर्व ग्राम प्रमुख छुही राजकपूर सेन, वनलाल साहू, वासुदेव गंजीर युवा मोर्चा महामंत्री, भोजराम साहू, होलेशवर साहू, मंडी अध्यक्ष गट्टासिल्ली दिलीप कोड़ोपी, इंदल प्रजापति, ननकू मानिकपुरी, छबिराम नेताम, अनूप साहू, पूर्व सरपंच ठेमली रामसिंह मरकाम, भोज सोनवानी, वरूण देव नेताम, बूथ अध्यक्ष कौहाबाहरा भूषण लाल मरकाम, सरपंच चिवर्री कृति मरकाम, उपसरपंच रोहित यादव, सरपंच बगरुम नाला राजेश्वरी कावड़े, उपसरपंच बलसिंह पोटाई, देवलाल निषाद, भानुराम साहू, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य निखिल साहू, शैलेंद्र धेनुसेवक, राजेश गोसाई जनपद सदस्य सांकरा, राजा पवार पार्षद नगरी, संदीप छतर, पप्पू साहू, गज्जु शर्मा, पिंटू साहू, नरेंद्र साहू, दानवीर मरकाम, सौरभ साहू उपस्थित थे।

## ढोल-नगाड़ों के साथ निगम ने चलाया जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वच्छता को बढ़ावा देने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। महापौर रामू रोहरा और आयुक्त प्रिया गोयल के आदेशानुसार शशांक मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान सदर बाजार से विंध्यवासिनी मंदिर, कर्मा चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक चलाया गया। अभियान की सबसे खास बात यह रही कि इसे ढोल-नगाड़ों के साथ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कचरा न फैलाएं और उसे कूड़ेदान में ही डालें।

#### धमतरी को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं

महापौर रामू रोहरा ने शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम के सफाई अभियान में सहयोग करें और धमतरी को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। अगर हर नागरिक सफाई का ध्यान रखेगा, तो हमारा शहर हमेशा स्वच्छ रहेगा। आयुक्त प्रिया गोयल ने भी नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें और अपने आस-पास सफाई बनाए रखने में मदद करें।

#### सात दुकानदारों पर हुई कार्रवाई

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने पाया कि कई दुकानदार सड़क किनारे कचरा फैला रहे थे। ऐसे सात दुकानदारों पर 1300 का जुर्माना लगाते हुए उन्हें भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि यदि आगे भी सफाई नियमों का उल्लंघन किया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महिला दिवस पर मितानिनों का किया सम्मान



■ समाज और सरकार के बीच सेतु का काम करती है मितानिन : पं राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राधाकृष्ण भवन में मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। इस आयोजन में धमतरी की सभी 114 मितानिन शामिल हुईं। समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा ने सभी दीदियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

आगामी होली त्योहार का रंग भी आयोजन में दिखाई दिया। मितानिनों ने पं शर्मा को गुलाल और तिलक लगाकर ससम्मान आभार का प्रदर्शन किया। श्री शर्मा हर वर्ष इस तरह का आयोजन करते हैं, जिसमें समाज और सरकार के बीच एक सेतु की तरह सेवा देने वाली मितानिनों का सम्मान किया जाता है। यह सम्मान समारोह भी उसी परंपरा की एक कड़ी है। पं राजेश ने कहा कि महिला दिवस पर मितानिनों का सम्मान करना गौरव की बात है। ये दीदियां ही सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम, निचले और पिछड़े वर्ग तक पहुंचाती है। अंतिम वर्ग के लिए सरकार का पहला स्वरूप मितानिन दीदियां ही हैं। मितानिन ही अंत्योदय के लिए सत्य मित्र है। इनके बिना अंत्योदय का लक्ष्य नहीं पाया जा सकता।

पं राजेश ने कहा कि जब तक अंत्योदय नहीं होगा तब तक समाज का उत्थान भी असंभव है। यही कारण है कि उनके हृदय में मितानिन दीदियों के लिए अप्रतिम सम्मान और स्नेह हमेशा से रहा है। इस आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, विकास शर्मा, प्राची सोनी, नीलू डागा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश डागा ने किया।

## नेशनल लोक अदालत में निपटा लंबित मोटर दुर्घटना दावा का प्रकरण

■ आवेदिका को 10,50,000 दावा राशि प्रदान करने की बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा का प्रकरण आया। इसे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। आवेदिका ने अनावेदकगण के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत तीस लाख का दावा पेश किया था। घटना में आवेदिका को गंभीर चोट आई है, जिसकी सुनवाई लगातार हो रही थी, जिसमें न्यायालय द्वारा प्रारम्भ से ही आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरण के निराकरण हेतु प्रयास किया जाता रहा। न्यायालय द्वारा आवेदिका एवं अनावेदकगण दोनों ही पक्षकारों को राजीनामा के लाभ का विवरण प्रस्तुत करते हुए समझाने का प्रयास किया गया है। अनावेदकगण 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत में आवेदिका को 10,50,000 रूपये दावा राशि प्रदान करने की सहमति प्रदान की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रीसिंटिग करवाकर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करवाया गया। उक्त राजीनामा से आवेदिका एवं अनावेदकगण के मध्य विवाद भी समाप्त हो गया तथा दोनों पक्ष हंसते-मुस्कुराते अपने-अपने घर चले गये।

## महिलाओं ने वाशिंग पाउडर, तेंदूपत्ता से दोना पत्तल बनाने की विधि सीखी

**धमतरी।** ग्राम पंचायत बंजारी के पंचायत भवन में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एवं वाणिज्य उद्योग विभाग छग शासन के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता एवं स्वरोजगार उन्मुखीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी मुकुल वेदी एवं विजय कुमार पांडे तथा सरपंच टिकेश्वरी ध्रुव, पंच चंद्रप्रकाश, विजय कुमार साहू, रामप्रसाद दुबे रायपुर शामिल हुए। इस कार्यशाला में 50 से अधिक महिला- पुरुष एवं युवक- युवतियों को स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी गई। ईडीआईआई के परियोजना अधिकारी मुकुल वेदी ने बताया कि किस तरह से महिलाएं घर पर ही रहकर स्वरोजगार कर सकती हैं। उन्होंने सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर अगरबत्ती अचार अचार पापड़ इत्यादि लघु उद्योग के बारे में जानकारी दी और इसे किस तरह से किया जा सकता है, उसका तरीका भी बताया। परियोजना अधिकारी विजय कुमार पांडे ने छग और देश की कई महिलाओं के बारे में जानकारी रखी जो स्वयं के साहस से आत्मनिर्भर हो पाई है। कार्यशाला में चुने हुए प्रतिभागियों को 12 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह अपना उद्यम शुरू कर सके।

### लेडीज क्लब ने हरदिहा साहू समाज भवन में 40वां वार्षिकोत्सव मनाया

# मातृशक्तियों का संस्कार और सम्मान ईश्वरीय तोहफा है : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लेडीज क्लब ने रविवार को हरदिहा साहू समाज में संस्था का 40वां स्थापना दिवस मनाया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में क्लब ने महापौर, सभापति, पार्षदगण, पत्रकारों, गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान किया। क्लब की संचालिका उषा गुप्ता ने अपने संबोधन में संस्था के 40 वर्षों की सम्पूर्ण गतिविधियों को बताया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि संस्था 40 वर्षों से सतत सेवा में जुटी है। निश्चित ही सदस्यों के अंदर सेवा का अद्भुत संस्कार है। मातृशक्तियां जब संस्कार और सम्मान देती हैं तो यह ईश्वरीय तोहफा है। निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि मातृ शक्तियों का संगठन अपने आप में अनोखा है। दीपक सोनकर पार्षद ने कहा कि क्लब में आने के बाद प्रेम और स्नेह महसूस होता है। कार्यक्रम में अनेक मनोरंजन गेम खेले गए। कुशल जैन, विभा चन्द्राकर, राकेश चंदवानी, हिमानी साहू को विजेता बनने पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कामिनी कौशिक, उषा गुप्ता, श्रद्धा कश्यप, काजल सिन्हा, साधना साहू, तनुजा सेन, रचना नायडू, पूनम सिंह, मंजु सेन, सीमा, देविका, सबीना, माधवी, रेणु, मंजु महावर, संतोष लखोटिया, ज्योति गुप्ता, बीना नायडू, भारती नायडू, शिरीन हाशमी, शुभ्रा गौर, नीता रणसिंह, नीता अजमानी, आशा गुप्ता, गायत्री साहू, शारदा साहू, बबली राजोरिया, बलजीत आनंद, लीला शर्मा, चंदा शर्मा, आरती कौशिक, हरजीत कौर, सरला खंडेलवाल मौजूद थे।

MSD_BHOOMI_10_2025-03_Layout 1 3/9/2025 11:07 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पार्षद विजय ने ली छत्तीसगढ़ी में शपथ

**महासमुंद।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में पार्षद विजय साव ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली। पार्षद साव ने शपथ लिया कि वे भारत के सविधान के नियमों का सदैव पालन करेंगे और ईमानदारीपूर्वक कार्य करने और बिना भेदभाव के सभी जनता के प्रति समान व्यवहार बनाए रखने का शपथ लिया। विजय ने संगवारी मल ला जय जोहार कहते हुए शपथ ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे भी लगाए।

### अंगीरा के धमतरी जनपद अध्यक्ष बनने से नगरी में जश्न

**धमतरी।** अंगीरा ध्रुव के धमतरी जनपद अध्यक्ष बनने से नगरी के लोगों में खुशी का माहौल है। ज्ञात हो कि अंगीरा ध्रुव ग्राम गोरेगांव (नगरी) की निवासी हैं । गोरेगांव निवासी ओमप्रकाश नेताम का कहना है कि गोरेगांव की बेटी आज धमतरी जिले में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इससे गांव में खुशी है। अंगीरा ध्रुव की मां गीता ध्रुव का कहना है कि घर में लोगों का दिनभर आना-जाना लगा हुआ है। फरसियां, आमदी, गोरेगांव, नगरी से लोग मोबाइल या घर में आकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। मेरी बेटी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी अपने ससुराल के साथ मायका को भी खुशियां दे रही हैं। आदिवासी समाज का भी आशीर्वाद अंगीरा ध्रुव को मिल रहा है।

# संघर्ष समिति के सदस्यों ने रायपुर विधायक व कलेक्टर से की मुलाकात

## रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक पुरंदर को दिया गया ज्ञापन, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी को भी कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

रायपुर से बरगढ़ रेल लाइन निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा 8 मार्च को रायपुर में रायपुर विधायक सुनील सोनी व कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात कर भुवनेश्वर स्थित पूर्वी तट रेलवे के चीफ इंजीनियर द्वारा प्रस्तावित रायपुर संबलपुर रेललाइन निर्माण के लिए रायपुर जिला के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के संबंध में रेलभवन भुवनेश्वर को दिए जाने के लिए जानकारी उपलब्ध कराए जाने की मांग की। ज्ञातव्य हो कि रेललाइन निर्माण परियोजना प्रगति रिपोर्ट लेने समिति के दिलीप गुप्ता, अविजित प्रतिहार व सत्यजीत प्रधान द्वारा विगत 22 जनवरी 25 को भुवनेश्वर स्थित रेलभवन में चीफ इंजीनियर से मुलाकात की गई थी। चीफ इंजीनियर राधामोहन सिंह ने बताया था कि रायपुर कलेक्टर से चाही गई जानकारी नहीं मिलने के कारण आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसी परिपेक्ष्य में रायपुर में कलेक्टर गौरव सिंह से उनके गृह निवास में मुलाकात की गई व विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा इस विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पूरी जानकारी लेकर रेलभवन को दिए जाने का आश्वासन दिया गया। विदित हो कि रायपुर से संबलपुर के मध्य नई रेललाइन निर्माण के लिए सभी तरह का सर्वे व मिट्टी परीक्षण का कार्य पूर्ण



हो चुका है। इस रेललाइन निर्माण के लिए रायपुर जिला के अंतर्गत आने वाले 3 तहसीलों क्रमशः रायपुर, आरंग व मंदिरहसौद के अंतर्गत 22 ग्रामों से रेललाइन का निर्माण होना है। इसके लिए इन ग्रामों की जमीनों से सम्बंधित जानकारी भुवनेश्वर स्थित रेलभवन द्वारा रायपुर कलेक्टर को अग्रिम कार्रवाई करते हुए विस्तृत जानकारी दिए जाने के लिए पत्र लिखा गया था। अन्य सभी जिलों की जानकारी प्राप्त हो चुकी है। रायपुर जिले की जानकारी के अभाव में कार्य आगे नही बढ़ पा रहा है।

इसी संबंध में समिति के अमर बग्गा (अध्यक्ष), दिलीप गुप्ता (संयोजक), अविजित प्रतिहार (संगठन सचिव) व सत्यजीत प्रधान ( सहसचिव) द्वारा रायपुर विधायक सुनील सोनी व कलेक्टर गौरव सिंह से मुलाकात कर संबंधित ग्रामों के संबंध में शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। विधायक सुनील सोनी ने अग्रिम कार्रवाई किए जाने की जानकारी दी तो वहीं कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि वे इस संबंध में तत्काल जानकारी लेते हुए शीघ्र ही जानकारी उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में समिति के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नाम दिए गए ज्ञापन को कलेक्टर को प्रेषित पत्र में निर्देशित करते हुए कहा गया कि इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें व्यक्तिगत तौर पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए। रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि वे इस संबंध में कलेक्टर से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश देंगे। महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी को भी इससे अवगत कराया गया।

# महिला खेलों को बढ़ावा देने खेलों इंडिया अस्मिता तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन

## एकलव्य आवासीय स्कूल भोरिंग में खेलो इंडिया अस्मिता तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

भारत सरकार की योजनान्तर्गत खेलों इंडिया के तहत जिले में आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में संचालित किया जा रहा हैं। खेलो इंडिया योजना अंतर्गत अस्मिता सिटी लीग की शुरुआत की गई हैं। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना व महिलाओं को प्रेरित करना और उभरती हुई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के बालिका खिलाड़ियों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोशिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य महेन्द्र कुमार टंडन, बाल आश्रम बिहाझर बागबाहरा हॉस्टल



अधीक्षक डॉ. पुरेंद्र चंद्राकार व खेल शिक्षक पिरित राम साहू, व्यायाम शिक्षक भोरिंग डॉ. सुनील भोई एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर अस्मिता महिला तीरंदाजी सिटी लीग खेल का उद्घाटन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों के अलावा बागबाहरा से खिलाड़ी शामिल हुए।

खेल अधिकारी मनोज घृतलहरे ने जिले में आर्चरी खेल की नींव को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में रखा। जिसमें तीरंदाजी खेल सामग्री प्रदाय करने के साथ खेल की शुरुआत की गई। जिसके कारण महासमुंद में बालिका खिलाड़ी गांव-गांव से प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। अस्मिता सिटी लीग के तहत इंडियन राउंड बालिका वर्ग में बाल आश्रम बिहाझर एवं खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर भोरिंग के बालिका खिलाड़ियों के बीच तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान जया पहटिया बागबाहरा, दूसरा स्थान वैशाली साहू फुलवारी, तीसरा स्थान तृषा प्रजापति खोपली एवं चतुर्थ स्थान नीलम साहू भोरिंग ने प्राप्त किया। रिकर्व राउंड बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मनीषा ध्रुव सोनासिल्ली ने प्राप्त किया। अस्मिता महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत भोरिंग सरपंच लीला लोकेश्वर साहू, उपसरपंच भेख राम साहू, रजिया चेटिस चेलक, पराग आंवडे, प्रीतम साहू, जीरेंद्र साहू, चमन साहू, फूलदास पहटिया, रुक्मणि चमन साहू, वेदप्रकाश साहू, बोधराम सोनवानी, सावित्री साहू, हेमिन साहू, महेंद्र टंडन, नीतिश, गौरव शर्मा, अनुराग, आवेश त्रिपाठी उपस्थिति रहे। राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी पद्मा साहू बागबाहरा ने प्रतियोगिता में शामिल होकर बालिका खिलाड़ियों को प्रेरित किया। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद, खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर के खिलाड़ियों, एकलव्य आवासीय विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टॉफ का सहयोग रहा। संचालन श्रीकांत जगत एवं सभी का आभार तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन साहू ने किया।

# बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

बसना जनपद परिसर में शुक्रवार को जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस अवसर पर डिलेश्वरी मिलाप राम निराला ने जनपद अध्यक्ष पद की शपथ ली। जबकि, उपाध्यक्ष पद के लिए मोहित कुमार रामसागर पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। साथ ही जनपद सदस्यों ने भी अपने-अपने पदों की शपथ ली।

समारोह में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त जनपद सदस्यों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी तथा जनपद पंचायत की भूमिका और विकास कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं पर चर्चा भी हुई। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने जनपद क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता जताई और पारदर्शी प्रशासन देने का आश्वासन दिया।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के सफल आयोजन में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधानसभा संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा, एसडीएम मनोज खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर, सीईओ पीयूष ठाकुर, खोलबाहरा निराला, आकाश सिन्हा, जनपद सदस्यगण, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

# नवकिरण अकादमी में नई बैच की क्लासेस आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संचालित कोचिंग नवकिरण अकादमी में सीजीपीएससी, एसआई, व्यापम-एडीईओ, आरक्षक भर्ती, पटवारी भर्ती, आरआई, प्रयोगशाला परिचालक, सहायक ग्रेड -3, डाटा एंट्री ऑपरेटर, शिक्षक भर्ती, आबकारी आरक्षक, एसएससी संयुक्त भर्ती परीक्षा, रेलवे ग्रुप -डी आदि प्रतियोगी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नई क्लासेस 10 मार्च से कक्षाएं प्रारंभ हो रही है। जारी प्रेस विज्ञप्ति नवकिरण अकादमी समन्वयक डी. बसंत साव ने बताया कि आगामी भर्ती परीक्षाओं को ध्यान में रखते एवं प्रतिभागियों की मांग पर नई बैच की क्लासेस 10 मार्च 2025 से प्रातःकालीन सुबह 07 बजे से 10 बजे तक एवं सायंःकालीन में शाम 04 से 07 बजे तक क्लास संचालित होगी। विगत वर्षों की



सफलता को देखते हुए प्रतिभागियों में नवकिरण अकादमी कोचिंग के लिए उत्सुकता देखी जा रही है। जिसके चलते 300 से अधिक अभ्यर्थियों का पंजीयन प्रातःकालीन एवं सायंःकालीन बैच के लिए हुआ है। चूंकि, सीमित सीट उपलब्ध है। अतःकोचिंग में प्रवेश प्राप्त करने एवं जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

# जोरातराई में भाजपा समर्थित गयाराम बने उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

ग्राम पंचायत जोरातराई (सि) में शनिवार को उपसरपंच का निर्वाचन हुआ। उपसरपंच हेतु वार्ड क्रमांक 03 से निर्वाचित हुए पंच भाजपा समर्थित गयाराम साहू व कांग्रेस समर्थित वार्ड 10 के नीलकमल के लिए वोटिंग की गई जिसमें गयाराम साहू ने जीत दर्ज की। गयाराम साहू के उपसरपंच बनने पर भाजपाइयों ने हर्ष जाहिर कर आतिशबाजी की एवं पूर्व सरपंच सविता गंजीर व नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू के घर पहुंचकर जीत का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर चोवाराम साहू, हेमंत साहू, दिलीप साहू, दानीराम साहू, लोकनाथ साहू, खिलेश्वर साहू, रमेश साहू, कामता प्रसाद, दीपक साहू, गुहरी यादव, पूजा साहू, ओमिन साहू, झामिन साहू, लुमेश साहू, टिकेश साहू, संतोष यादव, दिनेश साहू, रामकुमार साहू उपस्थित थे। उप सरपंच के निर्वाचन में सरपंच प्रीति साहू, पंचगण रोहिणी साहू, पवन साहू, प्रतिमा साहू, सरोज साहू, नोमेश्वरी साहू, बसंती साहू, महेश्वर साहू, योगेश्वरी मिथलेश ने भाग लिया। 1

# माहेश्वरी सभा ने किया पार्षद व पंच का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छग प्रादेशिक माहेश्वरी सभा द्वारा संगठन आपके द्वार प्रवास के तहत महासमुंद आगमन पर चौथी बार के नवनिर्वाचित पार्षद देवीचंद राठी एवं सिरपुर से पंच निर्वाचित तारा टावरी का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।



उल्लेखनीय है कि प्रादेशिक माहेश्वरी समाज के संगठन आपके द्वार कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय महामंत्री अजय काबरा बनारस (उप्र), राष्ट्रीय उपसभापति मध्यांचल विजय राठी इटारसी, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मध्यांचल दिनेश राठी नागपुर, अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी रायपुर, छग प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुंघड़ा रायपुर, प्रदेश मंत्री नंदकिशोर राठी कोरर बस्तर, महिला संगठन प्रदेश कोषाध्यक्ष नंद भट्टड रायपुर, प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र चांडक जगदलपुर, प्रदेश संयुक्त मंत्री ओमप्रकाश टावरी कोंडागांव, माहेश्वरी धमतरी जिला जोन अध्यक्ष किशन सारडा राजिम नयापारा, जिला जोन मंत्री आनंद द्वारकानी आरंग, छग प्रादेशिक युवा संगठन के प्रदेश महामंत्री राहुल राठी अभनपुर, युवा संगठन जिला जोन अध्यक्ष प्रतीक भट्टड़ अभनपुर, स्थानीय माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष पन्नालाल चांडक एवं सचिव पारस चांडक आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अजय काबरा ने चौथी बार निर्वाचित पार्षद राठी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि माहेश्वरी समाज के अनमोल रत्न है। अपने उत्कृष्ट कार्यों, ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करने के कारण अलग-अलग वार्डो से पार्षद निर्वाचित हुए है, जिस पर हर्ष जताया है।

# कलार समाज प्राचीनकाल से ही वीरता, उद्योग, व्यापार और समाज सेवा में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद/बागबाहरा

डडसेना कलार समाज खल्लारी परिक्षेत्र का मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मिलन समारोह का शुभारंभ डडसेना कलार समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु सहस्त्रअर्जुन एवं माता बहादुरिन कलारिन के चित्र पर पूजा-अर्चना से हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन भी हुआ। तत्पश्चात उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ। जिसमें विधायक यादव नेकार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश के विकास में कलार समाज के योगदान पर सार गर्भित उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने डडसेना कलार समाज के गौरवशाली इतिहास और समाज के विकास में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कलार समाज प्राचीनकाल से ही वीरता, उद्योग, व्यापार और समाज सेवा में अग्रणी रहा है। इसी कारण इस समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। कलार समाज के गौरवशाली इतिहास पर




बोलते हुए उन्होंने समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु सहस्त्रअर्जुन के पराक्रम को याद करते हुए कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु महान योद्धा, कुशल प्रशासक और न्यायप्रिय शासक थे। उनके नेतृत्व में कलार समाज ने अपार समृद्धि पाई और अपने पराक्रम से समाज में सम्मानजनक स्थान बनाया। साथ ही माता बहादुरिन कलारिन के योगदान को याद करते हुए कहा कि माता बहादुरिन कलारिन नारी शक्ति की प्रतीक थीं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से समाज को एक नई दिशा दी। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज की प्रगति के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। अपने आराध्य देवी देवताओं की प्रेरणा से ही कलार समाज देश के औद्योगिक, व्यावसायिक और सामाजिक विकास में अपना सराहनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि कलार समाज का योगदान केवल पराक्रम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इस समाज ने व्यापार, प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खल्लारी मंडलेश्वर दानेश्वर सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी से सालिक राम डडसेना, दौलत सिन्हा, कल्पना सिन्हा, हीरालाल डडसेना, शेखर सिन्हा, संतोष नशीने, रामचंद्र मुन्ना सिन्हा, राजेश डडसेना, इंदेश्वर सिन्हा, भगवानी सिन्हा, राजेश सिन्हा, विनोद सिन्हा, धनवंतरी सिन्हा, रघुनाथ सिन्हा, मोतीराम सिन्हा सहित डडसेन कलार समाज के प्रांतीय जिला एवं परिक्षेत्र संगठनों के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# लचकेरा में एबीवीपी की समिति गठित दीपक प्रमुख, हेमलाल और कोमल सहप्रमुख बनाए गए

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद विभाग जिनमें महासमुंद, गरियाबंद तथा धमतरी जिला आते है, ऐसे महासमुंद विभाग के संयोजक अभिषेक पांडेय लगातार तीनों जिले में संगठनात्मक कार्यों को लेकर प्रवास कर रहे है। विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत होकर उसके समाधान के लिए प्रयासरत है। इसी दौरान उनका प्रवास महासमुंद के समीपस्थ ग्राम लचकेरा तथा जामगांव में हुआ। जिसमें ग्राम के युवाओं से मिलकर उन्हें एकजुट होकर समाज उत्थान में कार्य करने के लिए संबोधित



किया। इस दौरान लचकेरा, जामगांव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का संपर्क स्थान घोषित करते हुए समिति का गठन किया गया। जिसमें दीपक सिन्हा को प्रमुख बनाया गया तथा कोमल सिन्हा व हेमलाल ध्रुव को सहप्रमुख बनाया गया। इसी के साथ राकेश निषाद, करण ध्रुव, रेखराम पटेल, संजू सिन्हा, दुर्गेश साहू, रुद्रप्रताप साहू, प्रणव साहू, रमाकांत पटेल, विक्की साहू, रुद्र पटेल, ऋषि ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, टीकम पटेल, यशवंत सिन्हा, करण सिन्हा को समिति का सदस्य बनाया गया। आगामी छात्रहित में कार्य एवं सामाजिक कार्यक्रम की विशेष योजना भी बनाई गई।

# माह में शून्य स्क्रीनिंग वाले उपस्वास्थ्य केंद्र को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक के निर्देशन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा ठाकुर की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में 100 दिवसीय अभियान, टीबी मुक्त पंचायत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। विकासखंड मगरलोड के गांव-गांव से वयोवृद्ध को टीबी जांच हेतु लाने कहा गया। गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग तथा रिस्क्रीनिंग शत-प्रतिशत करने को कहा गया। माह में शून्य स्क्रीनिंग वाले उपस्वास्थ्य केंद्र को नोटिस जारी करने कहा गया। मुख्यमंत्री बाल मधुमेह सुरक्षा योजना के तहत सुविधाओं का लाभ लेने प्रत्येक बुधवार को मधुमेह ग्रसित बच्चों को जिला चिकित्सालय उपचार हेतु टीआईडी क्लिनिक भेजने को कहा गया। बैठक में बीपीएम मनोज पटेल ने ब्लॉक के 70 व 70 साल से अधिक उम्र के वयोवृद्ध का आयुष्मान वय वंदना कार्ड 100 प्रतिशत बनाने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 48 प्रतिशत कार्ड बना है, शेष सभी का वय वंदना कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने महिला सुपरवाइजर एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का स्वास्थ्य संबंधी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मितानिन प्रशिक्षकों को पेन कॉपी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के संचालन में बीईटीओ शील कुमार दावना, बीडीएम प्रमोद मनहरे, अश्वनी गायकवाड़ एनसीडी काउंसलर, केशव आरएनटीसीपी काउंसलर, सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष सहित स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### पिटियाझर में निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**महासमुंद।** द न्यू होली फैथ स्कूल के छात्रों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने, सूखे व गीले कचरों को अलग-अलग डस्टबिन में डालने का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरुकता रैली ग्राम पिटियाझर में निकली। रैली संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्या सरवरी पींचा के दिशा निर्देशन में यह रैली निकाली। चेयरमैन महेंद्र जैन ने बच्चों को बताए कि स्वच्छता मिशन का उद्देश्य है, शौचालयों की सफाई बहुत ही जरूरी है। ठोस, तरल कचरों का पुनः प्रबंधन कर बेस्ट वस्तुओं का निर्माण, कार्बनिक खाद निर्मित करना आदि। प्राचार्या सरवरी पींचा ने कहा कि सर्वप्रथम हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे, तभी हम दूसरों को संदेश दे सकेंगे, इसीलिए अपने अध्ययन कक्ष, घर आदि जगहों को साफ सुथरा रखें। स्वच्छता प्रभारी जयेश जैन, जगदीश धीवर, वसुंधरा यदु ने बच्चों को ग्राम पिटियाझर, महासमुंद के महामाया मंदिर के परिसर की साफ-सफाई करवाए तथा बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

## आयोजन: उड़ान और आर्थिक विकास संस्थान ने मनाया विश्व महिला दिवस

# महिलाएं शक्ति और समृद्धि का हैं प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

उड़ान शैक्षणिक सामाजिक और आर्थिक विकास संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत और समर्पण से समाज में विशिष्ट व सम्मानित स्थान बनाने वाली महिला शक्तियों ने एक साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य रुप से महिलाओं में उत्साह भरने मोटिवेशनल स्पीकर डॉ एकता लंगेह, प्रिया राजू योगेश्वर सिन्हा, डीएसपी प्रतिभा चंद्रा उपस्थित रही। विशेष अतिथि के रूप जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुधा साहू, पत्रकार उतरा वेदानी, महिला बैंक की अध्यक्ष अरुणा शुक्ला, सती साहू व इंद्राणी पांडेय उपस्थित रही। समाजसेविका डॉ एकता लंगेह ने कहा कि आज की महिला एक सशक्त महिला है, वो चाहे तो जीवन में हर मुकाम को हासिल कर सकती है। प्रिया सिन्हा ने महिला दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं के भीतर जो शक्ति है उसको परिवार, समाज के हित और देश की भलाई में लगाए। महासमुंद की डीएसपी प्रतिभा चंद्रा ने समाज की हर महिला को जागरूक होने के लिए कहा। साथ ही अभिव्यक्ति ऐप के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अरुणा शुक्ला, उत्तरा विदानी व सुधा साहू ने नारी शक्ति से संबंधित अपने-अपने विचार रखें। इस विशेष दिन में महासमुंद की सभी नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों पार्षद मनीष शुभ्रा शर्मा, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता तोंडेकर, कल्पना सूर्यवंशी, प्रीति बादल मक्कड़, भारती राजू चंद्राकर, पनेश्वरी सोनवानी, माधुरी यदु, सीता टोंडेकर एवं नवनिर्वाचित जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महासमुंद की ऐसी महिलाएं उपस्थित रही जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिभा से समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है उनमें सती साहू, इंद्राणी पांडे, सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, तारा चंद्राकर, पार्वती साहू प्रमुख है, इनका स्वागत किया गया। साथ ही सामाजिक रूप से सक्रिय सारिका यादव, सुनीता साहू, मैना कोसले, हेमकांति देवांगन, रेखा आचार्य एवं विनती शर्मा के साथ अनेक महिला शक्ति उपस्थित रहीं।



### विविध प्रतियोगिता भी हुई

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बलून बैलेंसिंग प्रतियोगिता में आराधना दुबे, उर्वशी साहू ने प्रथम, दीपा कुमार एवं मधु सोनी ने द्वितीय, प्रीति ठाकुर एवं हेमलता दीवान ने तृतीय रही। म्यूजिकल चेयर में ममता नामदेव ने प्रथम एवं सरला डडसेना ने द्वितीय रही। इन सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मिताली गुरुंग द्वारा तैयार कराए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनीषा निर्मलकर द्वारा एकल नृत्य एवम दीक्षा चंद्राकर एवम ग्रुप ने नारियों के हृदय की वेदना को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। शगुफ्ता एवं ग्रुप ने भी सामूहिक नृत्य किया। उड़ान संस्था की अध्यक्ष डॉ. अनिता जी रावटे ने अपने उद्बोधन में इस सफल कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हम सहज, सरल, सुरक्षित और सामंजस्य पूर्ण बनकर अपने सपनों को उड़ान देते रहें। उन्होंने एकजुटता से आगे बढ़ने की प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन उड़ान के डायरेक्टर डॉ जी रावटे एवं संचालन डॉली शर्मा ने किया।



### पतेरापाली में केवल बने उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत पतेरापाली में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में उपसरपंच पद के लिए केवल कुमार यादव विजय हुए। यहां उपसरपंच पद के लिए 2 पांचो ने दावेदारी की थी, जिसमें लीलाधर पटेल को 06 मत एवं केवल कुमार यादव को 13 मत प्राप्त हुए। जिसमें केवल कुमार यादव ने 13 मत से जीत हासिल की।



### शुभ्रा का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद के पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा का महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला समिति द्वारा सम्मान किया गया।



### शिवकुमार बने लाफिनखुर्द के उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में शनिवार को उपसरपंच का चुनाव हुआ। जिसमें शिवकुमार निषाद विजयी हुए। शिवकुमार ने चार वोटों से जीत दर्ज की। जीत पर सरपंच एवं सभी पंचों सहित युवाओं ने नवनिर्वाचित उपसरपंच शिवकुमार निषाद का अभिनंदन किया। बता दें कि शिवकुमार समाजिक कार्यों के साथ ही ग्राम समिति में उपाध्यक्ष है और ग्रामीण युवा विकास संगठन का कोषाध्यक्ष के पद सम्हालते हुए उन्होंने अध्यक्ष का भी पद सम्हाल कर ग्राम में स्वच्छता, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को कराने में पहल किया है। शिवकुमार के जीत से ग्राम वासियों के साथ ग्रामीण युवा विकास संगठन के कार्यकर्ताओं में भी खुशी की लहर है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं के समग्र विकास के लिए दुर्गा इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेल, अधिकारों, समानता एवं सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से निदान सेवा परिषद द्वारा दुर्गा (डेवलपमेंट आफ अर्बन एंड रुरल गर्ल्स एस्पीरेशन) नामक विशेष इकाई का गठन किया गया है। इस 13 सदस्यीय इकाई के माध्यम से बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सतत अभियान चलाया जाएगा, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की बेटियों को एक समान अवसर प्राप्त हो सकें।



अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी हो इसलिए दुर्गा इकाई ने स्थानीय प्रशासन, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य विभाग, स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास शुरू किया है। विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित कर ग्रामवासियों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है, जिससे बेटियों के विकास की दिशा में व्यापक सामाजिक समर्थन मिल सके।

## मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

रविवार को ग्राम बावनकेरा के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित मातृ सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मातृ शक्तियों का सम्मान एवं स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। विधायक एवं आए हुए अतिथियों ने विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि नारी का सम्मान समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी है, ऐसे कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान हो। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। इसलिए भारत को विकसित देश बनाने के लिए, भारत के तेज विकास के लिए, हमारा देश महिला नेतृत्व वाले विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। वहीं उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। वर्तमान में आपका कार्य मन लगाकर पढ़ाई करना है। साथ ही उनके वार्षिक परीक्षा के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश धरम पटेल, उपसरपंच द्रोण चंद्राकर, पूर्व सरपंच रोहित चंद्राकर, बसंत सिन्हा, गिरधर यदु, पप्पू ठाकुर, गिरधर चंद्राकर, मोरध्वज चंद्राकर, जगत राम सिन्हा, धनेश सिन्हा सहित अन्य नेतागण, स्कूल स्टाफ, ग्रामीणजन उपस्थित थें।





### पटपरपाली में चैतराम बने निर्विरोध उपसरपंच

**तेंदूकोना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें बागबाहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटपरपाली में सर्वसम्मति से चैतराम साहू उपसरपंच नियुक्त हुए। बता दें यहां उपसरपंच के लिए पंच हवंत साहू, मुकेश गुप्ता और चैतराम साहू ने दावेदारी की थी। किंतु, पंचों के सर्वमान्य निर्णय से चैतराम साहू को उपसरपंच चुना गया। जिसके फलस्वरूप केवल चैतराम साहू ने नामांकन भरा व निर्विरोध सरपंच चुने गए। पटपरपाली ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित 12 पंचों में थलेश्वरी साहू, हेमलता साहू, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, थान बाई साहू, कांति बाई साहू, मोहन साहू, धनाऊ राम साहू ने आपसी सर्वसम्मति से चैतराम साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत में महिला अंतरराष्ट्रीय दिवस पर यहां महिला सरपंच लता कमलेश टांडेय और पंचों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष भाजपा नेता कमलेश कुमार टांडेय, पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे, सुरीत साहू, राजू तिवारी, चेतन साहू, लक्ष्मण साहू, गौरव उपाध्याय के अलावा नागरिक मौजूद रहे।

## लोक अदालत में लाखों के अवार्ड, रिकवरी प्रकरण का निपटारा

**सरायपाली।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे।

उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 07 शोभना कोष्टा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन संबंधीत मामलों में विद्युत एवं बैंक संबंधित 78 प्रकरण 13,45,000, दावा के 01 प्रकरण में 15,00,00 रुपए का निराकरण किया गया। खंडपीठ 08 पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 03 प्रकरण 6,92,143 रुपए एवं 1 मेक्ट में 2,00,000 रुपये, खंडपीठ क्रमांक 09 पवन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में मेक्ट के 03 प्रकरणों में 57,00,00 रुपए, ट्रांसफर डिक्री के 08 प्रकरणों में 20,51,008 रुपये तथा खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली से 367 समरी के मामले में 01,27,300 एवं, आईपीसी के 10, धारा 258 दप्रस के तहत 3, धारा 138 के तहत 03 प्रकरणों में 14,92,000 रुपए का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में आईपीसी के 2, धारा 138 के 06 प्रकरणों में 2,95,731, समरी 427 प्रकरणों 1,24,800 रुपये, प्रिलिगेशन के 05 प्रकरणों में 1,29,000 राशि के साथ निराकरण किया गया। इस लोक अदालत समाप्ति उपरांत अनेक लाभार्थी प्रतिभागियों ने लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सुविधा से उन्हें काफी राहत महसूस हो रही है। समय-समय पर आमजनता के लाभार्थ के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

# बागबाहरा पुलिस अब गरीबों की एफआईआर भी नहीं कर रही, बढ़ रही घटनाएंः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित

- बागबाहरा में गली-गली नशे के सामान बिक रहे और थाना सिर्फ मुखबिरों के भरोसे वसूली में लगा
- पुलिस वाले खुद रात को नशे में आम जन से मारपीट कर रहे, फिर उन्हें सुरक्षा कौन देगा
- कोमा में पड़े बेटे को न्याय दिलाने पिता को करना पड़ रहा संघर्ष

बागबाहरा ने बताया कि एक तरफ पूरे बागबाहरा में नशे का कारोबार अपने चरम में है, लोगों की रिपोर्ट नही लिखी जा रही, देवालयों में लगातार चोरी हो रही, गाड़ियां गायब हो रही और तो और पुलिस वाले खुद रात को नशे में आम जन से मारपीट कर रहे, ऐसा कोई नशा नहीं जो बागबाहरा में नहीं मिलता हो और बागबाहरा थाना सिर्फ मुखबिरों के माध्यम से समझौता उद्योग चला रहा है।

बागबाहरा के आसपास बनी महुआ शराब सबसे ज्यादा पुलिस की जानकारी में सप्लाई की जाती है, ऐसे में अपराधों की मुख्य वजह बढ़ती हुई नशाखोरी को रोकना छोड़ अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते ग्रामीण लोगों को छट्टी, शादी, चौथिया जाने से रोक फाइन कर रहे हैं। ऐसा ही एक गंभीर मामला सामने आया है। बागबाहरा थाने अंतर्गत आने वाले ग्राम छिनदादर निवासी नुरपत यादव ने बाकायदा आवेदन दे अंकित बागबाहरा से न्याय की गुहार की है और आरोप लगाया है कि लगभग 10 दिन से ज्यादा होने के बाद भी एफआईआर हुई है। नामजद की गयी शिकायत के बावजूद अपराधी आज तक खुले घूम रहे हैं और उनका बेटा रायपुर अस्पताल में जीवन और मौत के बीच की लड़ाई लड़ रहा है। नुरपत ने बताया कि वर्तमान में पेशे से पत्रकार उसका बेटे हेमसागर को 16 फरवरी को लगातार कुछ लोग फोन कर बुलाते रहे और शाम को पता चला कि गांव के ही तुलसी पारा में वो खून से लथपथ पड़ा हुआ है। हड़बड़ी में वो उसे पहले बागबाहरा के चंडी अस्पताल अब रायपुर ये नवकार अस्पताल में भर्ती करवाया है और लाखों रुपये का इलाज करवा चुके हैं और बेटा अब भी लगभग कोमा में है। अंकित ने बताया कि जांच कर अपराधियों को अब तक नामजद शिकायत के बाद भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। हेमसागर के मोबाइल की जब्ती कर आज तक पावती नहीं दी गयी है, उसके घर वालों का मानना है कि उसके मोबाइल में हमलावरों के बारे में बहुत कुछ था, जिसे वो उस मोबाइल से डिलीट करवाना चाहते थे, जिसे अब शायद पुलिस की मदद से डिलीट करवा दिया गया होगा।

नुरपत ने बातों-बातों में अंकित से बेटे के मोबाइल के कॉल रिकॉर्ड की मांग और उससे 16 के बाद डिलीट की गई सामग्री वापस दिलाने की मांग भी की है और बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार पहले उसके बेटे को बेहोश होते तक मारा गया और जब लहूलुहान हो वह गिर गया तो उसके ऊपर मोटरसाइकल चढ़ा दी गई, ताकि, यह दुर्घटना लगे। जबकि, हेमसागर की मोटरसाइकल में एक खरोंच तक नहीं आई है। इस विषय पर अंकित बागबाहरा ने परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलवाया है और बागबाहरा थाने की अव्यवस्था नहीं सुधरने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत की बात की है।





### बिरकोनी, बरबसपुर में निर्विरोध चुने गए उपसरपंच तो कहीं पर हुआ चुनाव

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन में उपसरपंच चुनाव 8 मार्च को हुआ। 12 बजे चुनाव प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी अजित बहादुर सिंह व सचिव शंकर साहू ने कराया। जिसमें पंचों व सरपंच ने गिरीश चंद्राकर को निर्विरोध चुना गया। पीठासीन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग उपसरपंच का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच चन्दन चंद्राकर, कोतवाल योगेश मानिकपुरी, गोकुल सोनवानी, रोजगार ऑपरेटर टेमन गिलहरे, महेश साहू सहित पंचों व सभी पंचायत समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम बरबसपुर में निर्विरोध उपसरपंच मोनिका साहू को चुना गया। सरपंच सत्यवती महेंद्र प्रताप सोनवानी व पंचों सहित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। बड़गांव में निर्वाचित टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी को 13 मतों से निर्वाचित उपसरपंच चुना गया। विपक्ष में पीतांबर निषाद को 6 मत मिले। ग्राम पंचायत सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव व पंचायत समिति के सदस्यों ने निर्वाचित उपसरपंच टिकेश्वरी ऋषि चक्रधारी का गुलाल लगाकर स्वागत किया। ग्राम अछरीडीह में उपसरपंच के लिए आकाश निषाद ने 11 मतों से जीत हासिल की। विपक्षा में द्रोपती निषाद को 5 मत से मिले। कांपा में उपसरपंच अनूपा यादव को 10 मत मिला। यहां विपक्ष में लखन खंडेलवाल को 8 मत मिले। सरपंच विकास चंद्राकर, पूर्व सरपंच गजानंद साहू के अलावा पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# बागबाहरा विकासखंड के 32 प्रोजेक्ट को मिलेंगे भारत सरकार से 3.20 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा इंस्पायर अवार्ड मानक की चयन सूची जारी की गई है। जिसमें महासमुंद जिले के 127 छात्रों के नवाचारी प्रोजेक्ट का चयन किया गया है, जिनमें से 32 प्रोजेक्ट बागबाहरा ब्लॉक के छात्रों के हैं। प्रत्येक चयनित छात्रों को उनके नवाचारी आइडिया को प्रोटोटाइप में बदलने एवं प्रदर्शनी में सम्मिलित होने के लिए 10 हजार की अवॉर्ड राशि जारी की जाएगी। इंस्पायर अवार्ड के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पिछले सत्र से ज्यादा छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। ब्लॉक स्कूलों में विज्ञान अध्ययन अध्यापन में नवाचार के प्रति छात्रों और शिक्षकों की उत्सुकता के कारण हुआ है। विकासखंड के छात्र शासन के विभिन्न वैज्ञानिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेकर विशिष्ट स्थान प्राप्त कर रहे हैं। सभी चयनित छात्रों को संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि यथा शीघ्र छात्रों से वर्किंग मॉडल बनाने की क्रिया को पूर्ण करके रखें। इसके लिए वे विकासखंड के विभिन्न शालाओं में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का तकनीकी सहयोग ले सकते हैं। एबीईओ रामता डे ने कहा कि बागबाहरा के इन विद्यार्थियों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है, जो न केवल उनके परिवारों बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। यह चयन विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और उनके नवाचारी विचारों का प्रमाण है। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत इन विद्यार्थियों को उनके विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिला है, जिससे वे भविष्य में और भी उच्चतम स्थानों पर पहुंच सकते। विकासखंड के छात्रों के इस उपलब्धि पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे, विकासखंड नोडल सुबोध तिवारी, संकुल समन्वयक व विज्ञान के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।






